प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 मंगलवार दिनांक 14.01.2025

मुख्य समाचारः—

- प्रधानमंत्री ने देश को क्लाइमेट स्मार्ट राष्ट्र बनाने के लिए 'मिशन मौसम' का शुभारंभ किया।

- बलरामपुर जिले में आज से शुरू हुआ तातापानी महोत्सव—मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ।

- बिलासपुर स्थित गुरू घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय में कल होने वाले दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

- आज मनाया जा रहा है मकर संक्रांति का पर्व—प्रयागराज के महाकुंभ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अमृत स्नान किया।

<u>प्रधानमंत्री—मिशन मौसम</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को मौसम की हर स्थिति से निपटने में सक्षम और क्लाइमेट स्मार्ट राष्ट्र बनाने के लिए 'मिशन मौसम' का आज शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम नई दिल्ली के भारत मंडपम में भारतीय मौसम विभाग के एक सौ पचासवें स्थापना दिवस पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि मिशन मौसम एक स्थायी और भविष्य के लिए तैयार राष्ट्र के निर्माण की दिशा में भारत की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

मौसम विभाग की विश्वसनीयता भी पहले से कई ज्यादा बढ़ी है। भविष्य में भारत मौसम की हर परिस्थिति के लिए तैयार रहे। भारत एक क्लाइमेट स्मार्ट राष्ट्र बनें, इसके लिए हमने मिशन मौसम भी लॉन्च किया है। मिशन मौसम सस्टेनेबल फ्यूचर और फ्यूचर रेडियस को लेकर भारत की प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है।

प्रधानमंत्री ने विभाग की डेढ़ सौ वर्ष की यात्रा की प्रशंसा करते हुए इसे देश में आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी का एक गौरवशाली अध्याय बताया।

तातापानी महोत्सव

बलरामपुर जिले में आज से तातापानी महोत्सव की शुरूआत हुई। मुख्यमंत्री  विष्णुदेव साय ने तीन दिवसीय इस महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जिले में एक सौ सतहत्तर करोड़ रुपए से अधिक के एक सौ अंठानवे विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कई घोषणाएं कीं।

मुख्यमंत्री ने तातापानी में स्थित तपेश्वर महादेव मंदिर में पूजा–अर्चना की। इसके बाद वे मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत कराए जा रहे सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए। साथ ही उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए विकास कार्यो की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

उपराष्ट्रपति–दीक्षांत समारोह

गुरू घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल पंद्रह जनवरी को बिलासपुर पहुंचेंगे। उपराष्ट्रपति बतौर मुख्य अतिथि गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के ग्यारहवें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने बताया कि समारोह में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यपाल रमेन डेका और विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे।

दीक्षांत समारोह में वर्ष दो हजार बाईस–तेईस और तेईस–चौबीस में विभिन्न परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एक सौ सत्तर विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा एक सौ बाईस विद्यार्थियों को पीएचडी उपाधि प्रदान की जाएगी। वहीं, दो छात्राओं को गुरू घासीदास पदक से सम्मानित किया जाएगा।

एनटीए–परीक्षा

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने कल होने वाली यूजीसी–नेट परीक्षा दिसंबर दो हजार चौबीस स्थगित कर दी है। एजेंसी ने कहा कि उसे पंद्रह जनवरी को पोंगल, मकर संक्रांति और अन्य त्योहारों के कारण परीक्षा स्थगित करने के लिए अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं। परीक्षा की नई तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी। एनटीए ने बताया है कि सोलह जनवरी को होने वाली परीक्षा पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार ही आयोजित की जाएगी।

भाजपा–प्रेसवार्ता

भारतीय जनता पार्टी के रायपुर स्थित प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आज प्रेसवार्ता आयोजित की गई। मीडिया को संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि पार्टी अनारक्षित सीटों पर पिछड़ा वर्ग को अधिक प्रतिनिधित्व देगी। उन्होंने कहा कि इससे पहले की स्थिति बहाल रहेगी और पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आएगी।

माओवादी–आत्मसमर्पण

कोंडागांव जिले में आज एक लाख रूपये की इनामी महिला माओवादी ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। यह माओवादी वर्ष दो हजार पांच से दो हजार सोलह तक जनमिलिशिया सदस्य और दो हजार सोलह से चौबीस तक एलओएस पार्टी सदस्य के रूप में सक्रिय थी। इस माओवादी पर कोंडागांव, बस्तर और नारायणपुर में हुए माओवादी घटनाओं में शामिल रहने का आरोप है। आत्मसमर्पण करने वाली महिला माओवादी को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पच्चीस हजार रूपये की सहायता राशि प्रदान की गई।

कोरबा फाइनेंस कंपनी

कोरबा जिले में स्मॉल फाइनेंस माइक्रो कंपनियों से जुड़े सात एजेंटों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि पीड़ितों ने शिकायत की है कि माइक्रो फाइनेंस कंपनी के रिकवरी एजेंट, निवेशकों को डरा—धमका कर पैसे की मांग कर रहे थे। पुलिस ने करतला, पाली, उरगा और कटघोरा थाना क्षेत्रों के अलग—अलग मामलों में आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है।

महाकुंभ—मकर संक्रांति स्नान

प्रयागराज के महाकुंभ में मकर संक्रांति पर आज करोड़ों श्रद्धालुओं ने अमृत स्नान किया और त्रिवेणी संगम पर आस्था की डुबकी लगाई। पवित्र स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने घाटों पर पूजा—अर्चना और अनुष्ठान किए। परंपरा को कायम रखते हुए उन्होंने दान—पुण्य भी किया। आज मकर संक्रांति होने की वजह से सुबह से ही बड़ी संख्या में लोगों ने गंगा आरती में भी हिस्सा लिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मकर संक्रांति के पर्व पर महाकुंभ में पहले अमृत स्नान में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं को बधाई दी। महाकुंभ की झलकियां साझा करते हुए श्री मोदी ने कहा है कि महाकुंभ भक्ति और आध्यात्मिकता का सच्चा प्रतिबिंब है।

मकर संक्रांति

सूर्य के उत्तरायण का पर्व मकर संक्रांति आज छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न भागों में मनाया जा रहा है। मकर संक्रांति का पर्व हेमंत ऋतु के समापन और शिशिर ऋतु के आगमन का प्रतीक है। इसी दिन से दिन की अवधि बढ़ने लगती है। इस त्यौहार को देश के विभिन्न भागों में अलग—अलग नामों से जाना जाता है। तमिलनाडु में इसे पोंगल, गुजरात में उत्तरायण, असम में भोगाली बिहू और पश्चिम बंगाल में पौष संक्रांति के रूप में इसे मनाया जाता है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को मकर संक्रांति की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की मिठास घुलती रहे।

महाकुंभ–स्पेशल ट्रेन

महाकुंभ के दौरान प्रयागराज आने वाले यात्रियों को अधिक सुविधा प्रदान करने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा अट्ठाईस फेरो के लिए पांच जोड़ी कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। दुर्ग–टूंडला कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन दुर्ग से टूंडला के बीच रायपुर, उसलापुर, पेंड्रा रोड होते हुए प्रयागराज तक चलाई जा रही है। यह ट्रेन उन्नीस जनवरी को शाम सात बजकर बीस मिनट पर दुर्ग से रवाना होगी और बीस जनवरी को ग्यारह बजकर दस मिनट पर प्रयागराज पहुंचेगी। इसी तरह, इक्कीस और बाईस जनवरी तथा पंद्रह, सोलह, सत्रह और अट्ठारह फरवरी को यह ट्रेन मैहर–कटनी के रास्ते होते हुए दुर्ग पहुंचेगी।

ट्रेन परिचालन

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के अंतर्गत बैकुंठपुर–सिलियारी सेक्शन में रोड अंडर ब्रिज निर्माण के लिए सोलह से अट्ठारह जनवरी तक ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक लिया जाएगा। इसके कारण रायपुर–बिलासपुर मेमू स्पेशल, बिलासपुर–गेवरा रोड अप–डाउन मेमू स्पेशल, बिलासपुर–रायपुर अप–डाउन मेमू स्पेशल, रायपुर–जूनागढ़ रोड अप–डाउन पैसेंजर और रायपुर–कोरबा पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। वहीं, सोलह जनवरी को ही गोंदिया–झारसुगुड़ा–गोंदिया मेमू स्पेशल और बिलासपुर–गोंदिया–बिलासपुर के बीच रद्द रहेगी।

संक्षिप्त समाचार–01

- छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के पूर्व अध्यक्ष प्रभतेज सिंह भाटिया को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड–बीसीसीआई का कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

- कोरिया जिले में बाघ की मौत और बलरामपुर में करंट लगाकर हाथी को मारने के मामलों पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने नाराजगी जताई है। कोर्ट ने कहा है कि वन्यजीव संरक्षण में लापरवाही करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

- मकर संक्रांति के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर में छत्तीसगढ़ के रजत जयंती वर्ष दो हजार पच्चीस के शासकीय कैलेंडर का विमोचन किया।

- मुख्यमंत्री ने बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्रकार की मौत के बाद उनके परिजनों को दस लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की है। साथ ही उनके नाम पर पत्रकार भवन का निर्माण कराने का ऐलान किया है।

- छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इण्डस्ट्रीज द्वारा भिलाई में सोलह से उन्नीस जनवरी तक व्यापार महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में नौ सौ से अधिक व्यापारिक संस्थानों की भागीदारी होगी।

<u>संक्षिप्त समाचार–02</u>

- दुर्ग स्थित हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षाएं कल पंद्रह जनवरी से शुरू होगी।

- गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले में पुलिस ने साइबर अपराध के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से ऑनलाइन सत्र का आयोजन किया। इसमें झारखंड के जामतारा में पदस्थ रह चुके आईपीएस राकेश सिंह मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए।

- रायपुर के तेलीबांधा इलाके में निर्माणाधीन बहुमंजिला इमारत में हुए हादसे के मामले में पुलिस ने संबंधित बिल्डर के प्रोजेक्ट मैनेजर, ठेकेदार और इंजीनियर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इस हादसे में स्लैब गिरने से दो मजदूरों की मौत हो गई थी।

<><><><><><>